02/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुल दो हजार आठ सौ सत्रह करोड़ रुपये की लागत वाले डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में मीडिया को यह जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल कृषि मिशन को कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए तीन हजार नौ सौ उनासी करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने दो हजार दो सौ इक्यानवे करोड़ रुपये की लागत से कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल की बैठक में एक हजार सात सौ दो करोड़ रुपये की लागत से पशुधन स्वास्थ्य और उनकी जनसंख्या बढाने की योजना को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा आठ सौ 60 करोड़ रुपये की लागत से बागवानी के सतत विकास कार्यक्रम को अनुमति दी गई। वहीं एक हजार दो सौ दो करोड़ रुपये की लागत से कृषि विज्ञान केंद्र को मजबूत करने का फैसला किया है।

00000000000000000

मेजर जनरल जारकार गामलिन ने आज अरुणाचल प्रदेश के नए मुख्य सूचना आयुक्त के रुप में शपथ ग्रहण किया। राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल के टी परनाईक ने उन्हें पुष्टि की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री पेमा खांण्डू सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति समारोह में उपस्थित थे। विगत बारह अगस्त को रिनचिन दोरजी के सेवानिवृत के पश्चात श्री गामलिन को इस पद में नियुक्त किया गया है। नया मुख्य सूचना आयुक्त तीन वर्ष तक या पैसठ वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो सेवा करेंगे। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने सोशल मीडिया के जरिए मेजर गामलिन की नियुक्ति पर गर्व व्यक्त करते हुए बधाई दी है और उनके विशिष्ट सैन्य कैरियर और अनुकरणीय सेवा की सराहना की है, उन्होंने कहा कि उनकी नई भूमिका में उनका नेतृत्व और रणनीतिक दृष्टि अमूल्य होगी।

0000000000000000

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी बी आई) ने भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग के मामल में वेस्ट कामेंग बोमडिला के पूर्व जिला उपायुक्त जयशवाल सहित दो लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाख़िल किया है। चार मार्च दो हजार इक्कीस को दर्ज किए मामले में जयशवाल पर उसके अधिकारिक पद का गलत इस्तेमाल कर सरकारी खाते से नकद रुपये निकालकर अपने व्यक्तिगत इस्तेमाल में लाने का आरोप शामिल है। जयशवाल पर आरोप है कि उन्होंने उनके मातहत वित्तीय एवं लेखा अधिकारी और कैशियर से सरकारी खाते से अट्ठाईस लाख़ रुपए निकालकर उसे अपने रिश्तेदारों के नाम में संपत्ति खरीदा।

सी बी आई के जांच में आपराधिक साजिश, प्रक्रिया का उल्लंघन और आरोपियों द्वारा सरकारी राशि का गबन के सबुत मिले है।

00000000000000000

राजधानी ईटानगर स्थित डी के कॉनवेंशन कॉमप्लेक्स में आज “हथकरघा मेला” राज्य हथकरघा एक्सपो दो हजार चौबीस का उद्घाटन किया गया। मेले को कपड़ा और हस्तशिल्प मंत्री के सलाहकार डॉ. मोहेश चाई ने उद्घाटन किया। चौदह दिवसीय प्रदर्शनी में जम्मू कश्मीर, नागालैंड, मणिपुर, असम और अरुणाचल प्रदेश के बुनकरों और कारीगर शामिल होंगे। प्रर्दशनी का उद्देश्य पारंपरिक हथकरघा, शिल्प और वस्त्र का प्रदर्शन करना है। 00000000000000000

पेरिस पैरालिंपिक 2024 के पांचवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पदकों की संख्या में इज़ाफ़ा किया। योगेश कथुनिया ने आज पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ-56 स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया है। जबकि भारतीय शटलर नितेश कुमार ने पुरुष एकल SL3 पैरा-बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीता, जिससे देश के कुल पदकों की संख्या नौ हो गई। इससे पहले, भारत की पैरा-शटलर तुलसीमथी मुरुगेसन महिलाओं की एसयू-5 बैडमिंटन स्पर्धा में अपनी हमवतन मनीषा रामदास को हराकर फाइनल में जगह बना चुकी हैं। मुरुगेसन ने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है। उनका सामना फाइनल में चीन की यांग खिउशिया से होगा।

00000000000000000

देरा नातुंग राजकीय कॉलेज के लाइफ साइंस संकाय ने कल कॉलेज परिसर में पूर्व हिमालय में जैवसंसाधन प्रबंधन के संभावनाओं और चुनौतियों पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में डी एन जी सी के प्रिंसीपल डॉ. एम क्यू खान ने छात्रों से जैव संसाधन के मूल्य को समझने और इसके सतत इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करते हुए शिक्षकों, शोधकर्ताओं और छात्रों से संबद्ध विषय पर स्थानीय लोगों खासकर हितधारकों से बातचित पर बल दिया। सेमिनार में विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों ने बाईस रिसर्स पेपर प्रस्तुत किए।

0000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने आज शंभू बोर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों की शिकायतों को सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति **सूर्यकांत** और न्यायमूर्ति **उज्ज्वल भुइयां** की पीठ ने समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी पहली बैठक करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसानों के मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए और समिति को चरणबद्ध तरीके से इस पर विचार करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि किसान अपने शांतिपूर्ण आंदोलन को वैकल्पिक स्थलों पर स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र होंगे। अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बोर्डर पर लगाए गए बैरिकेड्स हटाने का निर्देश दिया था। किसान 13 फरवरी से शंभू बोर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

0000000000000000